झारखण्ड सरकार

मुख्यमंत्री सचिवालय

प्रेस विज्ञप्ति

राँची, दिनांक–02.06.2019

हर गरीब तक विकास की गंगा पहुंचाएंगे। यही संकल्प हमारा- रघुवर दास, मुख्यमंत्री

======================

मुख्यमंत्री सचिवालय रांची

प्रेस विज्ञप्ति

संख्या-259/2019

02 जून 2019

ढाका, शिकारीपाड़ा, दुमका ======================

मुख्यमंत्री ने दुमका का शिकारीपाड़ा के ढाका गांव में आयोजित जनचौपाल में शामिल हुए और ग्रामीण LED स्ट्रीट लाइट योजना का शुभारंभ किया।

★मुख्यमंत्री ने दुमका मेंशहीद SSB के जवान को दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की

★मुख्यमंत्री ने दुमका में 151 करोड की राशि की योजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास किया

======================

★दुमका में 14वें वित्त आयोग के तहत 20 हजार ग्रामीण LED स्ट्रीट लाइट विभिन्न गांव और टोलों में लगाये जायेंगे।

★सरकार का एक ही लक्ष्य गांव का विकास

30 सितंबर तक राज्य के 32 हजार गांव रोशन होगा, सड़कें बनेगी और पेयजलापूर्ति होगी

आत्मसमर्पण करें भटके हुए लोग

- रघुवर दास, मुख्यमंत्री

======================

दुमका/ शिकारीपाड़ा। हमारा एक ही उद्देश्य है गांव का विकास करना। जब तक गांव विकसित नहीं होगा झारखंड विकसित नहीं होगा। यही वजह है कि आज दुमका में 151 करोड़ की विभिन्न योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास हुआ। सभी समस्याओं का निदान होगा लेकिन इसमें थोड़ा समय की जरुरत है। पूर्व की स्थिति से संथाल परगना में बदलाव आया है। हर गरीब तक विकास की गंगा पहुंचे। यह हमारा संकल्प है। लोगों को साथ लेकर चलना है, विकास करना है। हम समस्याओं के निदान में जुटे हैं। यह सब आप के प्रयास से हो रहा है क्योंकि आपने एक स्थिर और मजबूत सरकार दी है। उस का परिणाम है यह विकास। ये बातें मुख्यमंत्री श्री रघुवर दास ने कही। श्री दास रविवार को दुमका के शिकारीपाड़ा स्थित ढाका गांव में आयोजित जन चौपाल सह ग्रामीण एलइडी स्ट्रीट लाइट योजना के शुभारंभ के अवसर पर बोल रहे थे।

ढाका में बन रहा सबस्टेशन बिजली की समस्या से निजात देगा

जन चौपाल के दौरान मुख्यमंत्री के समक्ष ढाका गांव के लोगों ने बिजली की समस्या को रखा। इस पर मुख्यमंत्री ने कहा कि आजादी के बाद से राज्यके 38 घर तक ही बिजली पहुंची थी। 2014 के बाद वर्तमान सरकार ने बचे हुए 30 लाख घरों तक बिजली पहुंचाई है, जिस अनुरुप राज्य में 138 ग्रिड होने चाहिए थे उसके बनिशप्त मात्र 38 ग्रिड का ही निर्माण हुआ था। वर्तमान सरकार 117 ग्रिड और 217 सब स्टेशन का निर्माण कर रही है। ढाका गांव में भी सब स्टेशन बन रहा है, जो एक माह में पूर्ण होगा। यह सब स्टेशन आपके क्षेत्र की बिजली की समस्या का निधान करेगा। पूर्व में भी यह कार्य हो सकते थे, लेकिन विकास के कार्य को नगण्य रखा गया।

किसानों की आय दोगुना करना लक्ष्य

मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार का लक्ष्य किसानों की आय दोगुनी करने हेतु प्रधानमंत्री कृषि सम्मान निधि योजना एवं मुख्यमंत्री कृषि आशीर्वाद योजना का लाभ किसानों को दिया जा रहा है। प्रधानमंत्री कृषि सम्मान निधि योजना के तहत सभी किसानों को वार्षिक ₹6000 और मुख्यमंत्री कृषि आशीर्वाद योजना के साथ राज्य के सभी किसानों को प्रति एकड़ 5 हजार रुपए देने का प्रावधान है। जून माह से यह राशि किसानों के खाते में चली जाएगी, ताकि किसान बरसात से पूर्व कृषि कार्य हेतु आवश्यक संसाधन जुटा सकें। 20 से 25 जून के बीच राज्य भर में शिविर लगाकर किसानों को इस योजना का लाभ दिया जाएगा।

भाषा और संस्कृति को सरकार ने दिया सम्मान

मुख्यमंत्री ने संथाल समाज से अनुरोध किया कि संथाल समाज जगे और अपने अधिकार के प्रति सचेत हो। सरकार उनके साथ है। सरकार द्वारा संथाल की मातृभाषा संथाली की लिपि ओलचिकि में संथाल के नौ निहालों को शिक्षा प्रदान करने की व्यवस्था की जा रही है। इस कार्य हेतु शिक्षकों की बहाली भी जल्द होगी।नियमित बहाली से पूर्व जिले के उपायुक्त को यह स्पष्ट निर्देश दिया गया है कि वह संविदा के आधार पर शिक्षकों की नियुक्त करें। संथाल की संस्कृति को अक्षुण्ण रखने के लिए संथाल की सबसे बड़े धर्म संसद लुगुबुरु को राजकीय महोत्सव का दर्जा दिया गया।अब संथाल की भाषा में रेलवे स्टेशन में उद घोषणा की व्यवस्था हुई है।

स्वास्थ और शिक्षा की भी है चिंता

जन चौपाल के दौरान ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री को बताया कि उन्हें आयुष्मान भारत योजना का लाभ नहीं मिल रहा है इस पर मुख्यमंत्री ने कहा कि कि 32 लाख परिवार तक गोल्डन कार्ड पहुंच चुका है। जून माह में हर पंचायत में शिविर लगाकर गोल्डन कार्ड से आप सभी को आच्छादित किया जाएगा। शिविर में ग्रामीण सिर्फ अपना राशन कार्ड लेकर आएंगे और इस योजना का लाभ लेंगे।राज्य की बेटियों को शिक्षा प्रदान करने के उद्देश से मुख्यमंत्री सुकंया योजना प्रारंभ की गई है, जिसके तहत सरकार बच्ची के जन्म से लेकर उसके विवाह तक ₹70000 खर्च करेंगी। सीएसआर के तहत जल्द दुमका में एक सेंटर खुलेगा, जहां संथाल परगना की बच्चियों को सिलाई कढ़ाई की का प्रशिक्षण दिया जाएगा। ताकि वे स्वावलंबन की ओर अग्रसर हो सकें।

सभी संसदीय क्षेत्र में खुलेगा सांसद सहायता केंद्र

मुख्यमंत्री ने बताया कि राज्य के 12 संसदीय क्षेत्र में सांसद सहायता केंद्र का शुभारंभ जल्द होगा। जहां क्षेत्र की जनता अपना शिकायत दर्ज कराए गी और उस क्षेत्र के सांसद उन समस्याओं का निदान करेंगे।यह सुविधा संसदीय क्षेत्र के सभी विधानसभा क्षेत्र में प्रारंभ होना है। वर्तमान सरकार जनता से सीधे जुड़ाव स्थापित कर उनकी समस्याओं के समाधान को प्राथमिकता देगी।

भटके हुए लोग आत्मसमर्पण करी या सरकार का अनुरोध है

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज दुमका में हुए नक्सली हमले में एक जवान शहीद हुआ है मैं उस शहीद जवान को नमन करते हुए अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। घायलों का समुचित इलाज सुनिश्चित हो रहा है। 2014 से पूर्व राज्य में उग्रवाद बड़ी समस्या थी । विकास को गति नहीं मिल पाई थी। अशांति के कारण विकास आप सभी तक नहीं पहुंच सका था। लेकिन अब उग्रवाद अंतिम सांस गिन रहा है आने वाले समय में उग्रवाद मुक्त झारखंड बनाना वर्तमान सरकार का लक्ष्य। मैं उन भटके हुए लोगों से कहना चाहूंगा कि लोकतंत्र को चुनौती देने वालों से सरकार डटकर मुकाबला करेगी। बंदूक से व्यवस्था नहीं बदलेगी व्यवस्था मुख्यधारा में आकर

बदलेगा। सरकार का अनुरोध है आप आत्मसमर्पण नीति के तहत आत्मसमर्पण करें और मुख्यधारा से जुड़े राज्य की जनता शांति की पक्षघर है।

ईमानदारी से अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करें

समाज कल्याण मंत्री डॉ लुइस मरांडी ने कहा कि पूर्व में विकास पर किसी ने ध्यान नहीं दिया। विकास की राजनीति किसी ने नहीं की। हम सबका साथ सबका विकास की अवधारणा के साथ कार्य कर रहें हैं। ग्रामीण स्ट्रीट LED लाइट योजना का शुभारंभ भी दुमका से हो रहा है, जो पूरे राज्य में लागू होगा। सभी अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन ईमानदारी से करेंगे तो योजनाओं का लाभ सभी को मिलेगा।

योजनाओं का लाभ लेकर लाभान्वित हो रहें हैं लाभुक

दुमका सांसद श्री सुनील सोरेन ने कहा कि दुमका में आज शहीद जवान को मैं श्रद्धाजंलि अर्पित करता हूँ। साथ ही लोकसभा की जनता का आभार आप सभी ने मुझे सांसद बनाने का काम किया है। आप मुझसे जब चाहे मिलकर अपनी बात रख सकते हैं। राज्य सरकार द्वारा जितनी भी योजनाएं संचालित हैं उसका लाभ सभी को मिलेगा और मिल भी रहा है। सरकार शहर की तरह गाँव को भी बनाना चाह अब गाँव की सड़कें भी शहर की तरह जगमगाएगी। सरकार बच्चो को साईकल, महिलाओं को गैस, बुजर्गों को पेंशन, सभी वर्ग के लिए कार्य कर रही है।सरकार द्वारा जितनी भी योजनाएं चलायी जा रही है उसका एक ही उद्देश्य है लोगों के जीवन स्तर में सुधार लाना।

नियुक्ति पत्र सौंपा, परिसंपत्तियों का हुआ वितरण

इससे पूर्व मुख्यमंत्री नवनियुक्त 06 मेडिकल ऑफिसर में से 2 लोगों डॉ अनिता कुमारी व डॉ अविनाश कुमार को सांकेतिक तौर पर नियुक्ति पत्र सौंपा। इस क्रम में मुख्यमंत्री सुकन्या योजना और मुख्यमंत्री कन्यादान योजना, आयुष्मान भारत योजना के तहत गोल्डन कार्ड, प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लाभुकों को नवनिर्मित आवास सुपुर्द किया, किसानों के बीच स्वाईल हेल्थ कार्ड, उज्ज्वला योजना के तहत गैस सिलेंडर का वितरण लाभुकों के बीच मुख्यमंत्री ने किया। बेहतर स्वास्थ्य सुविधा से आच्छादित करने के उद्देश्य से विभिन्न क्लस्टर की सहिया साथी के बीच नई पहल का किट सुपुर्द किया।

इस अवसर पर मंत्री समाज कल्याण डॉ लुइस मरांडी, दुमका सांसद श्री सुनील सोरेन, पंचायती राज सचिव श्री प्रवीण टोप्पो, पुलिस उपमहानिरीक्षक संताल परगना श्री राजकुमार लकड़ा, दुमका के उपायुक्त श्री मुकेश कुमार, पुलिस अधीक्षक वाई एस रमेश समेत सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

###

====================

#TeamPRD(CMO/DUMKA)